तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

11 जमाही फुलझर में 24 घंटे गूंजा राम नाम, रामसत्ता का...



12 पारागांव में चला नशामुक्ति एवं स्वच्छता जागरूकता...



हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं. 7

बिजली चोरी पर विद्युत विभाग का शिकंजा, 18 पर एफआईआर

स्मार्ट मीटर डिस्कनेक्शन के बाद भी दिखाया कमाल, पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

बकाया बिजली बिल का भुगतान न करने पर स्मार्ट मीटर ऑनलाइन डिस्कनेक्ट होने के बावजूद मीटर व विद्युत व्यवस्था से छेड़छाड़ कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना उपभोक्ताओं को महंगा पड़ गया है। नवापारा-राजिम विद्युत संभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 उपभोक्ताओं के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराई है, साथ ही विशेष न्यायालय में मुकदमा भी दायर कर दिया है।

- नवापारा-राजिम विद्युत संभाग में कार्रवाई



आगे भी जारी रहेगी निगरानी, विभाग की अपील

149 में से 18 मामलों में गड़बड़ी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। विभाग ने साफ किया है कि स्मार्ट मीटरों के ऑनलाइन डिस्कनेक्शन के बाद अवैध रूप से कनेक्शन जोड़ने वालों पर आगे भी कड़ी नजर रखी जाएगी और जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा। अफसरों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर बिल जमा कर नियमानुसार कनेक्शन बहाल कराएं और मीटर या लाइन से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

विद्युत विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र में बकाया बिल के कारण ऑनलाइन डिस्कनेक्ट किए गए स्मार्ट मीटरों की जांच के लिए सघन अभियान चलाया गया था। विभागीय टीम ने कुल 149 कनेक्शनों का निरीक्षण किया। इनमें से 131 कनेक्शन तो सही पाए गए, लेकिन 18 स्थानों पर मीटर से छेड़छाड़ कर अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल होता पाया गया। विभाग ने इसे केवल बकाया बिल का मामला न मानकर सीधे 'बिजली चोरी' की श्रेणी में रखा है। अधिकारियों का कहना है कि मीटर से छेड़छाड़ करना न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान पहुंचाता है, बल्कि विद्युत व्यवस्था की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है।

खबर संक्षेप

स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए संस्कार: लक्ष्मी



रसेला। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत पीपरछेडी कला में सरपंच और पंचगण के साथ ग्रामीण महिलाएं गांव के चौक चौराहों पर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया है। सरपंच, पंचगण और महिला समूह की महिलाओं ने मिलकर गांव को रोगमुक्त और सुंदर बनाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया है। साफ सफाई के माध्यम से मलेरिया, डायरिया जैसे बीमारियों से बचाव और स्वच्छ वातावरण के महत्व पर जोर दिया गया। सरपंच लक्ष्मी दीवान ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का धर्म है। जिस तरह हम अपने घर को साफ रखते हैं,उसी तरह गांव और समाज की सफाई भी हम सबका कर्तव्य है। स्वच्छ वातावरण में ही जीवन संभव है। यह केवल बीमारी से बचाव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए संस्कार और आदत है। पंच किरण यादव, केसरी नेताम,धनु बाई नेताम, मीना बाई यादव, मितानिन अमेरिका बाई वस्त्रकर,हीरा बाई नेताम सहित सभी ने सार्वजनिक स्थलों की सफाई कर अन्य लोगों को कचरा व अपशिष्ट पदार्थों को खुले में नहीं फेंकने के साथ ही खुले में शौच नहीं जाने के लिए समझाइश दी गई। पंचायत प्रतिनिधियों और मितानिनों ने स्वच्छता तथा सामुहिक रूप से अपने स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता को अपनाएं जाने का परिचय दिया। इस दौरान पंचायत के सभी पदाधिकारी और मितानिन उपस्थित रहे।

भाठीगढ़ उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर



मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत भाठीगढ़ स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन की हालत बेहद दयनीय और जर्जर हो गई है। घास–फूस, पेड़ पौधे उग गऐ है जिसके कारण ग्राम पंचायत भवन या आगनबाड़ी भवन में इलाज करना मजबूरी बन गई है। जानकारी मिली है की यहां नया उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो गया है और जल्द कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद है।

यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने की तैयारी जनविरोधी: सुरेन्द्र साहू

नवापारा-राजिम। यूपीआई भुगतानों पर शुल्क लगाने के निर्णय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के महामंत्री सुरेन्द्र साहू ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मंदी और महंगाई से जूझ रहे व्यापारियों व आम जनता को राहत देने के बजाय कारोबार की लागत बढ़ाना सरकार की ⏭शेष पेज 10 पर



अनदेखी : पैरी नदी पर पुल निर्माण कराकर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं देने की मांग

करोड़ों की प्रधानमंत्री सड़क के बाद भी पुल-पुलिया का अभाव: बारिश में 'टापू' बन जाता है ग्राम सिंहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

केंद्र और राज्य सरकारें भले ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने और आदिवासियों के उत्थान के बड़े-बड़े दावे करती हों, लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र का सुदूर वनांचल गांव 'सिंहार' आज भी प्रशासनिक उपेक्षा और बदहाली का दंश झेल रहा है। आजादी के आठ दशकों बाद भी यह गांव बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

खास खबर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 13 किलोमीटर दूर, ग्राम पंचायत जिड़ार के इस आश्रित गांव सिंहार की आबादी करीब 400 है, जहां मुख्य रूप से राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र माने जाने वाले 'विशेष पिछड़ी कमार जनजाति' के लोग निवास करते हैं। ग्रामीणों के लंबे संघर्ष और मांग के बाद लगभग पांच वर्ष पूर्व शासन ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से पक्की सड़क का निर्माण तो कराया, लेकिन इस पूरी योजना की नियोजन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सड़क निर्माण के दौरान मार्ग में पड़ने वाली पैरी नदी और दो प्रमुख नदी-नालों पर पुल-पुलिया का निर्माण ही नहीं कराया गया। परिणाम स्वरूप, बारिश का मौसम आते ही जलस्तर बढ़ते ही गांव पूरी तरह से टापू में तब्दील हो जाता है और बाहरी दुनिया से इसका संपर्क पूरी तरह कट जाता है। बिना पुल के करोड़ों रुपये की लागत से बनी पक्की सड़क का ग्रामीणों के लिए कोई औचित्य नहीं रह गया है।

जान जोखिम में डालकर राशन, स्वास्थ्य आपातकाल में फंसा जीवन- बारिश के दिनों में स्वास्थ्य आपातकाल हो या राशन जैसी अति-आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति, ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर उफनती नदी और नालों को पार करना पड़ता है। सिंहार के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 5 किलोमीटर दूर घने जंगलों के रास्ते जिड़ार जाना पड़ता है। इस रास्ते में हमेशा जंगली हाथियों के हमले का भय बना रहता है। हाथियों द्वारा गांव में लगातार फसलों और मकानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, ⏭शेष पेज 10 पर

कमार जनजाति बांस-बर्तन बेचने को मजबूर





कमार विकास योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

कमार जनजाति के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार द्वारा 'कमार विकास अभिकरण' जैसी विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन धरातल पर इनकी उपस्थिति शून्य नजर आती है। ग्रामीणों का कहना है कि अभिकरण के अफसर कभी इस गांव में झांकने तक नहीं पहुंचते। खेती-किसानी हाथियों के आतंक और सुविधाओं के अभाव में ठप है। ऐसे में यह विशेष पिछड़ी जनजाति आज भी अपनी पारंपरिक जीवनशैली पर निर्भर है और केवल बांस के बर्तन व हस्तशिल्प बनाकर, उन्हें बेचकर किसी तरह अपनी आजीविका चलाने को विवश है।



गुरु बालक दास की प्रतिमा खंडित करने पर फूटा गुस्सा आंदोलन की दी चेतावनी



फिंगेश्वर। फिंगेश्वर नगर पंचायत के वार्ड दर्रीपार में सतनामी समाज एवं सर्व छत्तीसगढ़िया समाज के आराध्य गुरु बालक दास की प्रतिमा को अज्ञात व्यक्ति द्वारा खंडित किए जाने की घटना के विरोध में समाज में आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में समाज के लोगों द्वारा पुलिस से कार्रवाई की मांग की जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना जिला गरियाबंद ने भी समाज की मांग को अपना समर्थन देते हुए दोषी व्यक्ति की पहचान कर शीघ्र कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने कहा कि महापुरुषों और समाज के आराध्य के प्रतिमाओं का अपमान सामाजिक भावनाओं को आहत करने वाला कृत्य है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सेनानियों द्वारा शासन प्रशासन से निवेदन किया ⏭शेष पेज 10 पर

ग्राम गोना में शिक्षक की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पदयात्रा करने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विकासखंड मैनपुर के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम गोना स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय में लगभग 52 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जबकि विगत करीब 10 वर्षों से मात्र दो शिक्षक ही पदस्थ हैं। शिक्षकों की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित होने की बात पालकों ने कही है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त टेबल-कुर्सियों की भी व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में कई बार आवेदन एवं मांग किए जाने के बावजूद अब तक विभागीय स्तर पर पर्याप्त फनएँचर उपलब्ध नहीं कराया गया है। वहीं प्राथमिक शाला गोना भी वर्तमान में एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक स्तर पर शिक्षक की कमी का सीधा असर बच्चों की नियमित पढ़ाई और शैक्षणिक विकास पर पड़ रहा है। शाला के पालकगण, शाला समिति, ग्राम समिति तथा पूर्व सरपंच सुनील मरकाम एवं सुधीर मरकाम ने बताया कि दोनों स्कूल में 94 बच्चे अध्ययनरत है और सिर्फ 3 शिक्षक कार्यरत है इन्होने ने शिक्षा विभाग एवं प्रशासन से विद्यालयों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना तथा विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त टेबल–कुर्सियों की व्यवस्था शीघ्र कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षक उपलब्ध कराने को लेकर कई बार संबंधित विभाग को आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई तो वे अध्ययनरत बच्चों के साथ पैदल यात्र कर कलेक्टर शिविर पहुंचकर अपनी ⏭शेष पेज 10 पर



दसकुंड महोत्सव की तैयारी तेज, 100 किलो ग्राम की पान रोटी बनेगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

दसकुंड महोत्सव 2026 को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं ग्रामवासी शामिल हुए। बैठक में महोत्सव को व्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महोत्सव के दौरान सिरकट्टी आश्रम के गोवर्धन शरण व्यास के मार्गदर्शन में धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में यज्ञ स्थल का चयन करने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन, सत्संग में बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि देवी पंचमी के अवसर पर एक क्विंटल यानी 100 किलो पान रोटी तैयार की जाएगी।

आयोजन समिति के अनुसार छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों में पान रोटी का विशेष स्थान है। इसे पत्ते में रखकर सीधे आग में पकाने की पारंपरिक विधि अपनाई जाती है। आग में पकने के बाद इसका स्वाद लोगों को बहुत ही भाता है। महोत्सव में 100 किलो पान रोटी तैयार करना अपने आप में अनूठा आयोजन होगा, ⏭शेष पेज 10 पर



समिति की बैठक में बनी रणनीति

6 वर्षीय चंचल मरकाम ने झांसी की रानी बनकर मोहा मन

डुमरपारा में मनाया गया आदिवासी राजगोंड़ समाज का नुवाखाई जोहार भेंट सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आदिवासी राजगोंड़ समाज सर्किल ग्राम मोंगरा के अंतर्गत आने वाले डुमरपारा में 2 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को भव्य 'नुवाखाई जोहार भेंट सम्मेलन 2026' का आयोजन हर्षोल्लास व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आदिवासी संस्कृति, आस्था और गौरवशाली परंपराओं की जीवंत झलक देखने को मिली। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को जोहार भेंट कर पर्व की बधाई दी और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर नागवंशी उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में संरक्षक जगदीश नागवंशी, सर्किल सभापति मनीराम नागवंशी, सचिव सदन सिंह नेताम, संचालक रोमन सिंह मरकाम, समाज प्रमुख कृपाल पुजारी, सुखरू राम मरकाम, बुड़ुराम नेताम, धीरसाय मरकाम, थनवार भोय, रघुराम मरकाम तथा जमरथ नेताम सहित समाज के समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठ जन एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु मौजूद रहे।



नन्हीं चंचल बनीं 'रानी लक्ष्मीबाई'- सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में 6 वर्ष की बालिका चंचल मरकाम द्वारा प्रस्तुत 'झांसी की रानी लक्ष्मीबाई' के अभिनय ने सभी का मन मोह लिया। नन्हीं सी उम्र में वीरांगना लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम का सजीव अभिनय देख उपस्थित जनसमुदाय तालियां बजाने पर मजबूर हो गया। कार्यक्रम में चंचल की इस प्रस्तुति को ⏭शेष पेज 10 पर

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट के लिए हुआ चयन ट्रायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

20वीं नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट के लिये जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा चयन कालेज खेल स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। ट्रायल में 14 व 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में बालक/ बालिका खिलाड़ी बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिये। एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद पारकर ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित खिलाड़ी जिले से कुल 13 एथलीट व टीम मैनेजर ,कोच ही भाग ले सकते है जिसमें सभी चयनित खिलाड़ियों का डाक्यूमेंट कम्प्लीट होना आवश्यक है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 14 से 16 नवम्बर को हैदराबाद में देश भर से राज्य के सभी जिले की टीम बड़ी संख्या में भाग लेते है जिससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। चयनित खिलाड़ियों को भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन के वेबसाइट में ⏭शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप



मां दुर्गा की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

रसेला। नवरात्र के लिए पूजा पांडालों और मां दुर्गा की मूर्तियों को कलाकार अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। इस बार नवरात्र 11 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। इसके मद्देनजर गांव गांव से लेकर क्षेत्र में तैयारी जोर-शोर से चल रही है, मूर्तिकार दिन रात मेहनत कर सिंह पर सवार 10 भुजाओं वाली प्रतिमाओं को आकर दे रहे हैं। इस बार बड़ी बड़ी मूर्ति 8 से 10 फीट की प्रतिमाओं का अधिक ऑर्डर मिले हैं। मूर्तिकार सेवन दास ने कहा कि मिट्टी रंग कपड़ा और सजावटी सामान की बढ़ती कीमतों से लागत को दुगना कर दिया है। पहले जहां मध्यम आकार की मूर्ति 10 हजार से 20 हजार के में बनती थी अब वही मूर्तियां सीधा डबल कीमत में बन रही है। बढ़ती कीमतों के बावजूद भक्तों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखाई दे रही है।क्षेत्र के इस बार कुडेरादादर, मेडकीडबरी, कनसिघी, सेम्हरा टेगनाबासा, रावनाभाटा सहित आस-पास के ग्रामो में इस बार पंडालों की भव्य तैयारी की जा रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के ग्रामो में विभिन्न स्थानों पर भव्य दुर्गा अलग अलग रूपों में विराजमान होगी। इस तरह क्षेत्र के शीतला मंदिरों में ज्योति प्रज्ज्वलित करने के लिए जोर शोर से तैयारियां शुरू हो चुकी है। क्योंकि मात्रा 8 दिन शेष रह गए हैं। ग्राम रसेला में शीतला मंदिर पर श्रद्धालु भक्तजन ज्योति प्रज्ज्वलित कराने हेतु ग्राम प्रमुखों और शीतला समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

मानसून की विदाई शुरू, दिन में बढ़ेगी गर्मी तो रात में ठंड



रसेला। क्षेत्र में अब मानसून की विदाई का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अंचल के कुछ हिस्सों से मानसून वापस लौटने लगा है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में मौसम के मिजाज में बदलाव देखने को मिलेगा। दिन के तापमान में बढ़ोतरी के साथ रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने के आसार हैं। इस मानसून सीजन में प्रदेश में सामान्य से 53 मिलीमीटर अधिक बारिश दर्ज की गई है। वहीं सितंबर महीने में भी अंचल में सामान्य से करीब 34 फीसदी ज्यादा बारिश हुई। अच्छी बारिश के बाद अब मानसून कमजोर पड़ने लगा है और इसकी वापसी की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

34 डिग्री तक पहुंचा दिन का तापमान- मानसून की वापसी के साथ प्रदेश में दिन का तापमान बढ़ने लगा है। कई इलाकों में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बारिश और बादलों की गतिविधियां कम होने के साथ आने वाले दिनों में दिन के पारे में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।मौसम में बदलाव के साथ हवाओं की दिशा में भी परिवर्तन देखने को मिलेगा। वातावरण में नमी कम होने से शुष्कता बढ़ने लगेगी। वहीं रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने के आसार हैं। ऐसे में दिन के समय गर्मी और रात में हल्की ठंडक का एहसास बढ़ सकता है।मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मानसून की विदाई के बाद प्रदेश में मौसम अपेक्षाकृत साफ और शुष्क रहने की संभावना है।

आयोजन : समता क्लब के 58वें स्थापना दिवस पर टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित

हिमांशी, विनय व भूपेंद्र बने नगर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



नगर के ऐतिहासिक क्रीडा संस्था समता क्लब फिंगेश्वर के 58 वे स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित नगर स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में हिमांशी यदु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अंशिका निर्मलकर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कर प्रतियोगिता का मान बढ़ाया। जूनियर वर्ग बालक में विनय यादव ने प्रथम स्थान तथा चिरंजीवी यदु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और सीनियर वर्ग में भूपेंद्र राजवंशी विजेता बने साथ–साथ अतीक वारसी उपविजेता बने।स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था के संस्थापक घनश्याम यदु के द्वारा संस्थापक क्रीडा ध्वज का उत्तोलन किया गया।इसके साथ ही छोटे–छोटे बच्चों के द्वारा अच्छे खेल के प्रदर्शन का सभी अतिथियों ने भरपूर प्रशंसा की।श्री यदु ने इस अवसर पर सभी संस्थापक सदस्यों को याद किया और नगर के गौरव इस संस्था के पुरानी यादों को स्मरण किया और बच्चों को अच्छा खेल खेलते रहने की बातें कहीं। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी ने इस ऐतिहासिक संस्था की प्रशंसा की तथा इस संस्था से जुड़ी अपनी यादों को भी बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि इस संस्था से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बने हैं। आप सभी पढ़ाई के साथ खेलों में रूचि लेकर नाम कमा सकते हैं। आज की स्थिति में बच्चों को दूसरे जगह समय बिताने से अच्छा समता क्लब में आकर खेल खेलने की बातें कहीं। इसी प्रकार संस्था के उपाध्यक्ष दूजलाल बंजारे ने सभी खिलाड़ियों की प्रशंसा की और अच्छे खेल के लिए बधाई दिया और संस्था के द्वारा इतने वर्षों से निशुल्क खेल सुविधा उपलब्ध कराने की बातें कहीं।

खिलाड़ी व गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित

संस्थापक घनश्याम यदु ने कहा कि उनकी सोच और उनके साथियों के सहयोग से नगर में एक ऐसी संस्था है, जो बच्चों को खेल के लिए प्रेरित करती है जिससे बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनते है। शारीरिक विकास के साथ साथ उनकी मानसिक विकास अग्रसर होती है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष भागवत हरित ने भी बच्चों को खेल के प्रति लगाव रखने एवं अच्छे खेल का प्रदर्शन करने को कहा। इस प्रतियोगिता में उत्तम राजवंशी, उमेश उमेश यदु, दिनेश श्रीवास, पुष्पेंद्र निषाद, लक्ष्य शर्मा, पीयूष यदु, राहुल शर्मा, शंभू यादव, जिज्ञासा शर्मा, भूमिका रावत, जानवी रावत, काव्य योगी, योगिता योगी, पद्माक्षी साहू, नमन श्रीवास सहित कई खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से महेंद्र यदु, नोस राम साहू, सोहनलाल सेन, रवि दत्त मिश्रा, कमलेश यदु, योगेश ठाकुर, मनोज निर्मलकर, जयकुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

जेंजरा में विधायक रोहित का ग्रामीणों ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

रविवार को ग्राम जेंजरा पहुंचे राजिम विधायक रोहित साहू का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत करते हुए शानदार सम्मान किया। विधायक एक कार्यक्रम में शामिल होने जेंजरा पहुंचे थे। इस दौरान कृषक सेवा सहकारी समिति के पदाधिकारियों एवं किसानों ने विधायक रोहित साहू और जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू का पुष्पहार से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मंडी अध्यक्ष महेश साहू, प्रभारी गिरिजाशंकर साहू, केशव साहू, पारस वर्मा, प्रीतराम वर्मा, मणिराम कंवर सहित समिति का स्टाफ और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम में कौंदकेरा के अध्यक्ष बाबूलाल साहू, द्विजराम साहू, नारायण साहू, भुवनलाल साहू, झंगूराम साहू, साकेत साहू, लाला साहू, धनिराम साहू, यादव राम, टीकाराम, शिवचरण साहू, जालम साहू, लीलाधर साहू सहित ग्राम जेंजरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सम्मान से अभिभूत विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम जेंजरा ऐसा गांव है, जहां लोगों के बीच आपसी सम्मान और अपनापन देखने को मिलता है। ग्रामीणों ने जिस आत्मीयता से उनका स्वागत किया है, वह उनके लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं खुलकर सामने रखें। क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष महेश साहू ने कहा कि क्षेत्र के लोकप्रिय एवं जनप्रिय विधायक रोहित साहू जेंजरा पहुंचे और ग्रामीणों को उनका सम्मान करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को लेकर विधायक के समक्ष अपनी अपेक्षाएं भी रखीं।

दिव्यांग अनिल यादव से मिले नीलाद्री शंकर ई-साइकिल दिलाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



स्थानीय गांधी मैदान में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पिछले छह दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे दिव्यांग युवक अनिल यादव से शनिवार को रायपुर से पहुंचे युवा कांग्रेस सदस्य नीलाद्री शंकर शुक्ला ने मुलाकात की। उन्होंने अनिल की समस्याओं और मांगों की पूरी जानकारी ली तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बताया गया कि गरियाबंद नगर में जन्मे अनिल यादव शारीरिक अक्षमता के चलते लंबे समय से रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनके पास रहने के लिए स्वयं का मकान भी नहीं है। अनिल के अनुसार, स्वस्थ रहने के दौरान उन्होंने वन विभाग में दैनिक वेतनभोगी के रूप में कार्य किया था, लेकिन उस दौरान किए गए कार्य की कुछ मजदूरी का भुगतान अब तक लंबित है। इन्हीं समस्याओं को लेकर अनिल यादव ने गांधी मैदान में भूख हड़ताल शुरू की है। उनकी प्रमुख मांगों में शारीरिक अक्षमता को देखते हुए ई-साइकिल उपलब्ध कराना, वन विभाग की लंबित मजदूरी का भुगतान, स्थायी रोजगार तथा आवास उपलब्ध कराना शामिल है। मामले को लेकर समाचार प्रकाशित होने के बाद शनिवार को युवा कांग्रेस सदस्य नीलाद्री शंकर शुक्ला गांधी मैदान पहुंचे। उन्होंने अनिल से मुलाकात कर उसकी परिस्थितियों को समझा और मांगों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने स्व. पंडित श्यामा चरण शुक्ल फाउंडेशन की ओर से अनिल यादव को जल्द ई-साइकिल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। नीलाद्री शंकर शुक्ला ने कहा कि अनिल की परिस्थितियां बेहद कठिन हैं और उसे तत्काल सहयोग की आवश्यकता है। ई-साइकिल मिलने से उसके आवागमन और दैनिक जरूरतों में काफी राहत मिल सकेगी। उन्होंने अनिल की अन्य मांगों को लेकर भी संबंधित स्तर पर चर्चा कर सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं, अनिल यादव ने सहयोग के लिए नीलाद्री शंकर शुक्ला का आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि अब प्रशासन और संबंधित विभाग उसकी लंबित मजदूरी, रोजगार और आवास सहित अन्य समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करेंगे।

समाज शिक्षित होगा तो फैलीं कुरीतियां भी स्वमेव होंगी दूर

गांड़ा समाज का हुआ नुआखाई मिलन समारोह व शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



विकासखंड के गोहरापदर में गांड़ा समाज कान्दाडोंगर परिक्षेत्र द्वारा नुआखाई मिलन समारोह एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन गांड़ा समाज के जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के मुख्य आतिथ्य एवं कान्दाडोंगर परिक्षेत्र अध्यक्ष जगन्नाथ सोनवानी के अध्यक्षता एवं जिला के संरक्षक यशवंत बघेल के विशिष्ट आतिथ्य मे सम्पन्न हुआ।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए समाज के संरक्षक यशवन्त बचेल ने बताया कि,कान्दाडोंगर परिक्षेत्र के समाज प्रमुखों द्वारा उक्त आयोजन किया गया था जिसमें गरियाबंद जिला एवं उड़िसा प्रान्त के समाज प्रमुख व समाज के सदस्य महिला पुरूष हजारों की संख्या मे भाग लिए। समारोह का शुभारम्भ अपने इष्ट देवता व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र के पूजा अर्चना से हुआ। तत्पश्चात अपने संस्कृति एवं परम्परा अनुसार नुआखाई प्रसाद ग्रहण किया गया। सभी अतिथियों ने अपने अपने विचार रखे। संरक्षक यशन्त बघेल अपने उद्बोधन मे समाज के संगठन पर चर्चा करते हुए शिक्षा की ओर बल देते हुए समाज शिक्षित होगा तो समाज मे फैली कुरीतियां स्वमेव दूर होने की बात कहा।कार्यक्रम को जिला गरियाबंद के समाज सचिव महेश्वर बघेल ने नशा से मुक्त रहने की बात रखा।मुख्य अतिथि सुकचन्द बेसरा ने अपने सम्बोधन मे समाज मे फैली कुरूतियों से मुक्त रहने,संगठित रहने, अपने संस—ति और परमपरा को सहेज कर रखने का बात कहा।आयोजक सयानों द्वारा समाज प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

ये रहे उपस्थित- समारोह मे प्रमुख रूप से जगन्नाथ सोनवानी,मेघराम बघेल, भगवानो पांड़े,योगेश बघेल, सुन्दर कश्यप, तिरेश प्रधान, कुमारमणी,गणेश दुर्गा, छत्तर सिंह,धर्मेन्द्र बघेल, उमेश डोंगरे, चन्दशेखर,शेषनारायण, मदन नेताम जागेश्वर, तुकाराम, ठेलूराम,मोती राम, नेताम,रामानुज नेताम,जगजीवन प्रधान, चन्दर प्रधान, डिगनेश्वर बेहरा, लोभान देवदास,तुलाराम सोनवानी,प्रेम सोनवानी, कुमार बघेल सहित समाज के हजारों महिला पुरूष उपस्थित थे।

जिला स्तरीय नारी जागरण सम्मेलन, 22 से होने वाले गायत्री महायज्ञ में शामिल होने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





गायत्री मंदिर नव चेतना केंद्र फिंगेश्वर में जिला स्तरीय नारी जागरण सम्मेलन जिला गरियाबंद का आयोजन शांति कुंज हरिद्वार के निर्देश पर आयोजित हुआ। 22 से 25 दिसंबर 108 कुंडीय यज्ञ मे शामिल होने की अपील की। वक्ताओं ने वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष पर अनेक महत्वपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्र में चल रहा है।इसी कड़ी मे गायत्री मंदिर फिंगेश्वर में जिला गरियाबंद गायत्री परिवार द्वारा नारी जागरण सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया जिसमें लगभग 500 महिलाओं ने भाग लिया।उक्त कार्यक्रम में अतिथि एवं वक्ता के रूप में गायत्री परिवार जोन प्रमुख छत्तीसगढ़ आदर्श वर्मा दीदी प्रांत संयोजक आओ गढ़े संस्कार वानपीढ़ी, सरला कोसरिया, चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद एवं राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के सदस्य रुक्मणी बंछोर, पूर्व प्रबंध ट्रस्टी गायत्री मंदिर राजिम चंद्रलेखा गुप्ता, जनपद अध्यक्ष फिंगेश्वर इंद्राणी साहू आदि प्रमुख वक्तओ ने कार्यक्रम को संबोधित किया। संचालन मीणा ध्रुव ने किया तथा आभार प्रदर्शन गायत्री मंदिर राजिम के प्रमुख ट्रस्टी एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने किया। फिंगेश्वर नगर में होने वाले 22 से 25 दिसंबर 2026 को 108 कुंडली गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित होने का निमंत्रण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आदर्श वर्मा दीदी सरला कोसरिया, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, रुक्मणी बंछोर, चंद्रलेखा गुप्ता, 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ के आयोजन समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू, जिला समन्वयक टीकम राम साहू, जिला संगठन प्रमुख रोमन चंद्राकर, संरक्षक एच एल साहू, जगदीश राम साह, कोषाध्यक्ष रोशन देवांगन, कोमिला देवांगन, गीतू साहू, टोमेश्वरी सिंन्हा, मिलेश्वरी साहू, संतोषी श्रीवास्तव, शोभना साहू, मधुबाला रात्रे, पदमा यदु, शांति कोसरे, चांदनी कश्यप, रुक्मणी माडले, बसंती साहू,,रामकुमार साहू, राम अवतार यादव, अर्जुन सिन्हा, देवानंद सिन्हा, दिनेश साहू सहित 500 से भी ऊपर महिलाएं एवं गायत्री परिवार के भैया बहन उपस्थित थे। वक्ताओं ने संस्कार एवं परिवार निर्माण नशा मुक्ति परिवार आदि विषयों पर उद्बोधन दिया।

ग्रामसभा में गांवों को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



प्रमाणन प्रक्रिया की दी गई जानकारी

गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायतों में आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। समर्पित जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन और नीति आयोग की सहयोगी संस्था एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के द्वारा ग्राम सभा में बाल विवाह की रोकथाम, बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत के संकल्प एवं प्रमाणन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी साझा की गई। ग्राम सभा में बाल विवाह के दुष्परिणाम, इसकी रोकथाम में समुदाय की भूमिका तथा बाल विवाह की सूचना देने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इस दौरान बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत का प्रस्ताव/संकल्प पारित कराया गया तथा उपस्थित लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान और छत्तीसगढ़ सरकार के बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त प्रमाणित किए जाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। निर्धारित प्रमाण-पत्र पर ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव एवं सरपंच द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके बाद प्रमाण-पत्र जनपद पंचायत में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत द्वारा उपलब्ध जानकारी एवं प्रमाण-पत्र का परीक्षण किया जाएगा। जनपद स्तर पर परीक्षण के बाद प्रमाण-पत्र को महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में भेजा जाएगा। जिला स्तर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रमाण-पत्र का परीक्षण एवं हस्ताक्षर किए जाएंगे। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित ग्राम पंचायत को जिला स्तर पर बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत के रूप में प्रमाणित किया जाएगा। ग्राम सभा में बाल विवाह की रोकथाम के साथ-साथ 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, चाइल्ड प्रोटेक्शन हॉटलाइन टोल फ्री नंबर 1800-1027-222 181 महिला हेल्पलाइन 100 पुलिस हेल्पलाइन की जानकारी भी दी गई। साथ ही समुदाय से बाल विवाह की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने एवं किसी भी बाल विवाह की जानकारी तत्काल संबंधित विभाग को देने की अपील की गई।

पेज 9 के शेष...

करोड़ों की प्रधानमंत्री...

लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं मिला है। गांव में केवल मिडिल स्कूल तक की सुविधा होने के कारण आगे की पढ़ाई के लिए रास्ते की बाधाओं के चलते कई बच्चे बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं।

जनप्रतिनिधियों का आक्रोश और जांच की मांग- गांव के उपसरपंच अमरू नेताम, अमर सिंह, जयसिंह सोरी, मिलन नेताम, धनसिंह, शहद राम सहित जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य प्रताप मरकाम और सरपंच मुकेश कपिल ने बताया कि पैरी नदी पर पुल निर्माण की मांग कई बार शासन-प्रशासन के समक्ष रखी जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों समाधान नहीं कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने गरियाबंद के प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बिना पुल-पुलिया निर्माण के स्वीकृत किए गए कार्यों और बरती गई लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच की जाए। अविलंब पैरी नदी पर पुल निर्माण कराकर ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं।

गुरु बालक दास की प्रतिमा...

गया है कि उक्त घटना को संज्ञान में लेकर जल्द उचित कार्यवाही करके,दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। जोहार पार्टी के मिडिया प्रभारी पुष्पराज साहू बताया कि इस मामले को लेकर जल्द कार्यवाही नहीं होने पर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा आंदोलन किया जायेगा।

ग्राम गोना में

मांग रखेंगे।शाला समिति अध्यक्षक गोपाल मरकाम शाला समिति सुधीर मरकाम, रोहन नेताम, मोती राम, सुभाष, कमल, सुदेश्वर मरकाम, सुनिल मरकाम, बिसाहू, मदन लाल, सगुन, फालेश, मिथला बाई, गीता नेताम, ऋतू नेताम, अहिल्या बाई, सरिता बाई, केशरी बाई, चौनी बाई, उर्मिला बाई आदि पालक गण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

दसकुंड महोत्सव...

जो जिले के साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बन सकता है। महोत्सव के समापन तक अखंड दीप प्रज्वलित रखने का निर्णय भी लिया गया। इसके साथ ही सिद्धिदात्री, सिद्धेश्वरी और जामवंत गुफा सहित प्रमुख स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। आयोजन स्थल पर भव्य तोरण द्वार भी तैयार किया जा रहा है, जिससे महोत्सव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक छटा और निखरेगी। बैठक में आयोजन की जिम्मेदारियों को लेकर भी चर्चा हुई।

ये रहे उपस्थित- संरक्षक डॉ. वशिष्ठ, संयोजक राजकुमार यादव, भगवताचार्य डॉ. रमाकांत शर्मा, उदघोषक प्रहलाद गंधर्व, नूतन साहू, जीवन सेन, दीनदयाल विश्वकर्मा, शत्रुघन साहू, फिरत निषाद, महेंद्र साहू, तीरथ साहू, कमलेश कुमार तथा ग्राम प्रमुख रामजी सहित गांव के 40 से अधिक लोग उपस्थित रहे। बैठक में सभी सदस्यों ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने पर सहमति जताई। महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह का माहौल है।

यूपीआई भुगतान पर...

जनविरोधी आर्थिक सोच को दर्शाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि दुकान का किराया, बिजली बिल, कर्मचारियों का वेतन और टैक्स चुकाने के बाद अब क्या व्यापारी अपनी बिक्री पर भी शुल्क भरे? दुकानदार व्यापार करे या केवल शुल्क चुकाता रहे? जनता की घटती क्रय शक्ति से बाजार पहले ही मंदा है, ऐसे में यह फैसला व्यापारी और ग्राहक दोनों की परेशानियां बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि पहले डिजिटल भुगतान का प्रचार किया गया और अब उसी पर शुल्क का बोझ डाला जा रहा है। खाते में आने वाली पूरी रकम व्यापारी का मुनाफा नहीं होती। विज्ञापनों से न राशन सस्ता होता है और न दुकान चलती है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस फैसले पर तत्काल पुनर्विचार करने, छोटे कारोबारियों को व्यापक छूट देने और आम उपभोक्ताओं को अतिरिक्त वसूली से बचाने की मांग की है।

डुमरपारा में मनाया...

विशेष रूप से सराहा गया।

पारंपरिक गीतों और नृत्यों की रही धूम- समारोह के दौरान समाज के बालक-बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर आदिवासी संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने 'आदिवासी मिशन', 'सेवा जोहार', 'तीर कमान', 'हमर आदिवासी' और पारंपरिक 'रिरीलो रे रेला' जैसे गीतों पर मनमोहक नृत्य व अभिनय प्रस्तुत कर समां बांध दिया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की थाप और लोकगीतों की गूंज से पूरा परिसर भक्तिमय व उल्लासपूर्ण माहौल में सराबोर रहा।

नेशनल इंटर...

यूआईडी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सभी खिलाड़ियों को करने को कहा गया। इस चयन प्रतियोगिता कार्यक्रम में एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद पारकर, सचिव हरिश्चन्द्र निषाद, कोषाध्यक्ष पुरन यादव, उपाध्यक्ष रमेश पटेल, सदस्य किशोर पटेल, सदस्य व कोच कैलास साहू, ताराचंद निषाद, प्रेम सिंग नागेश, चित्रलेखा नागेश,निराली यादव, खोमेश्वरी सोनी सहित पदाधिकारी व खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष ने की उद्यानिकी योजनाओं की समीक्षा

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र नायक की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष महासमुंद में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यानिकी योजनाओं की प्रगति, किसानों को मिल रहे लाभ तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड के सदस्य प्रेमलाल पटेल, बसंत पटेल एवं संतोष पटेल, मरार पटेल समाज प्रमुख रामेश्वर पटेल, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पवन पटेल, सहकारी समिति सरायपाली के अध्यक्ष अनंत राम पटेल, उन्नत कृषक कृष्ण कुमार पटेल सहित उद्यानिकी किसान, जिले में पदस्थ उद्यानिकी एवं कृषि विभाग के अधिकारी, अम्मा पॉम प्लांटेशन प्रा.लि. के प्रतिनिधि तथा फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अंतर्गत राज्य पोषित योजना के तहत समेकित उद्यानिकी विकास कार्ययोजना की जानकारी दी गई।

निधन

जनिया बाई साहू

पाण्डुका। ग्राम निवासी जनिया बाई साहू का निधन शनिवार रात्रि लगभग 10 बजे हो गया। वे टामन



साहू पूर्व ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष एवं संरक्षक साहू समाज की माता थी। वे अपने पीछे पति नेमुराम साहू सहित पुत्र टामन साहू, बाबूलाल साहू एवं चुड़ामणि साहू, टोमेश साहू की दादी है वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में पूरे गमगीन माहौल में किया गया।

जमाही फुलझर में 24 घंटे गूंजा राम नाम, रामसत्ता का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

पारंपरिक वेशभूषा में भक्तों ने ढोल-मांदर और मंजीरे की थाप पर प्रस्तुत किए संकीर्तन

जन जागरण महिला विकास समूह के तत्वावधान एवं ग्रामवासियों के मार्गदर्शन में ग्राम जमाही ओएमें वर्षों से चली आ रही पारंपरिक संगीतमय रामनाम जाप परिक्रमा एवं रामसत्ता का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। 3 अक्टूबर को शुरू हुआ 24 घंटे का अखंड रामधुनी अनुष्ठान 4 अक्टूबर को भव्य समापन एवं विसर्जन के साथ संपन्न हुआ।रामधुनी कार्यक्रम में भगवान श्रीराम की आराधना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। गांव का वातावरण पूरे समय रामनाम के जयघोष और भक्ति संगीत से कृष्ण भक्तिमय बना रहा। पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न टोली के सदस्यों ने निर्धारित समय के अनुसार ढोल,



इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

वही इस तरह से ग्राम फुलझर में कार्यक्रम की व्यवस्था में रामसत्ता समिति के ग्रामीण अध्यक्ष डिहु राम साहू, सचिव रूपेश कुमार ध्रुव, उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, पदाधिकारी दिनेश कुमार ध्रुव, पुराणिक ध्रुव, महेश तारक, पंचायत प्रतिनिधि, समस्त पंचगण एवं ग्रामवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और गांव में शांति की कामना के साथ भगवान श्रीराम का स्मरण किया।

मांदर, मंजीरा आदि वाद्य यंत्रों की ताल पर सुमधुर स्वर में रामायण की दोहा-चौपाई एवं संकीर्तन की प्रस्तुति दी। आयोजन के दौरान ग्रामीणों और श्रद्धालुओं के लिए समिति की ओर से भोजनालय की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं, युवतियों और महिलाओं,बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। आयोजन को सफल बनाने में समीति की दुलारी सिन्हा, चन्द्रिका दिवान, सोनसिर ध्रुव, कीर्तन ध्रुव, परागा ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव, अनुसुइया नगारची, शांति दिवान, जानकी ध्रुव, राजिम ध्रुव, अनुसुइया ध्रुव, जगदीश, जागेश्वर दिवान, परमेश्वर दिवान, कुमार ध्रुव, सुंदर ध्रुव, नारायण यादव सहित भजन गायक प्रीतम अगसराम, श्रीराम, तोरन लाला, उमेद ध्रुव, रामचंद्र, सोनसिर, सागर, गौतम सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

विरोध : मजूमदार ने श्रमिकों की लंबित मांगों को प्रमुखता से उठाया

ठेका श्रमिकों की मांगों को लेकर बीएमएस ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

ठेका श्रमिकों की विभिन्न लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के सानिध्य में छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका मजदूर संघ द्वारा बुधवार को तूता, रायपुर में एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पहुंचे ठेका श्रमिकों ने अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए शासन से लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। धरना-प्रदर्शन का शुभारंभ बीएमएस के अखिल भारतीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ ठेका मजदूर संघ के प्रभारी शिशिर कुमार मजूमदार ने प्रमुख भूमिका निभाते हुए ठेका श्रमिकों की समस्याओं और लंबित मांगों को प्रभावी ढंग से शासन के समक्ष रखा। उन्होंने श्रमिकों की समस्याओं के स्थायी समाधान तथा उनके हितों की रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस अवसर पर बीएमएस प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह देव, महामंत्री शंखध्वनि



मिला आश्वासन

धरना-प्रदर्शन के दौरान शासन की ओर से श्रमिकों की मांगों पर सकारात्मक विचार करने तथा आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के लिए समिति गठित कर समस्याओं के निराकरण की दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया गया। श्री मजुमदार ने कहा कि ठेका श्रमिक विद्युत व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अधिकारों एवं हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

बनाफर, विद्युत ठेका मजदूर संघ के महामंत्री सोमन साहू, संगठन मंत्री मुकेश मरावी , गोपाल साहू,कमलेश वर्मा सहित विभिन्न महासंघों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित रहे।

श्रमिकों की प्रमुख मांगें- धरना-प्रदर्शन के दौरान श्री शिशिर कुमार मजूमदार ने ठेका श्रमिकों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि श्रमिकों को उनके श्रम के अनुरूप न्यायसंगत वेतन एवं सभी वैधानिक सुविधाएं मिलना आवश्यक है। मांगों में ठेका श्रमिकों के न्यूनतम वेतनमान में उचित वृद्धि की जाए। 33/11 केवी ऑपरेटरों के वेतन में व्याप्त विसंगतियों को दूर किया जाए। पीएफ एवं ईएसआईसी से संबंधित समस्याओं एवं विसंगतियों की जांच कर उनका निराकरण किया जाए। पीएफ एवं ईएसआईसी संबंधी मामलों की जांच के लिए विशेष समिति का गठन किया जाए। सभी ठेका श्रमिकों के वेतन भुगतान के लिए हरियाणा पैटर्न लागू किया जाए। ठेका श्रमिकों की अन्य लंबित समस्याओं का समयबद्ध तरीके से निराकरण किया जाए।

बारुला में मनी गांधी जयंती और आयोजित की ग्रामसभा



छुईहा बेलर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने के बाद उसी दिन 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बारुला में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्रामसभा में करीब 120 ग्रामीणों की उपस्थिति रही। शासन के निर्देशानुसार प्राप्त एजेंडे के क्रम में विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामसभा में जी-राम-जी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता एवं जल संवर्धन सहित ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर विशेष चर्चा हुई। ग्रामीणों ने गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लेते हुए स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर गांव के वृद्धजनों का गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सुकदेव राम साहू, उपसरपंच उत्तम सोनवानी, पंच सुनील कुमार निर्मल, कमला साहू, पूर्णिमा पराना, चंद्रिका मार्कण्डेय, अमृत ध्रुव, दुर्गा साहू सहित सालीक राम साहू, माखन साहू, दुलरवा साहू, रामप्रसाद बंजारे, सुखराम साहू, हरि राम साहू, इंदरमन साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका मालती पराना, कोटवार दुर्जन, सचिव गोपेश सेन, रोजगार सहायक दीपक साहू, तिरीथ यादव, बालाराम, चतुर राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

दादरझोरी में मनी गांधी जयंती



नवापारा-राजिम। ग्राम दादरझोरी में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनायी गयी। आयोजन में पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में हर्षोल्लास से मनी गांधी जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्राचार्य, शिक्षकगण, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गांधीजी के जीवन, उनके विचारों और आदर्शों पर विभिन्न प्रस्तुतियां एवं भाषण प्रस्तुत किए। मोहित कुमार घृतलहरे ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, अनुशासन और सेवा के विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि गांधीजी के विचारों को केवल पढ़ना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया कि "हम सही कार्य तब भी करें, जब हमें देखने वाला कोई न हो।"कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता, नागरिक जिम्मेदारी, अनुशासन और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन और उनके विचारों से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन में अच्छे मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय का उपप्राचार्य लोवीत रत्नाकर ने सभी को गांधी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को गांधीजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर अशिश जॉर्ज जैकब, मैनेजिंग डायरेक्टर जैकब, प्राचार्य श्रीमती बिंदु जॉर्ज जैकब, उपप्राचार्य लोवीत रत्नाकर,समस्त शिक्षकगण एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

सरगोड में चला स्वच्छता अभियान

फिंगेश्वर। सेवा संकल्प सेतु अभियान के तहत ग्राम पंचायत भेंड्री के आश्रित ग्राम सरगोड में स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान मंदिर, राधा-ष्ण मंदिर तथा तालाब के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत तालाब के पार फलदार आम के पौधे का रोपण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पौधे के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीणों



को स्वच्छता और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दशरथ सिन्हा, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष मिंजून साहू, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सियाराम ध्रुरव,जिला पंचायत क्रमांक-1 के प्रतिनिधि कोमल डीडी, भाजपा मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री प्रेमलाल टोडर, ग्राम पंचायत भेन्ड्री की सरपंच सविता सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि चुंम्मन सिन्हा, ग्राम के गणमान्य नागरिक नरोत्तम सिन्हा, रामकृष्ण साहू, जगत साहू (बूथ अध्यक्ष सरगोड), सुदामा साहू, तुकेश ध्रुरव, नकुल साहू (खैरझिटी), रामरतन साहू, बाबूलाल सिन्हा, मूलचंद सिन्हा, राजेश सिन्हा, रेखराम ध्रुव, रिखीराम ध्रुव, संतराम साहू, केदार ध्रुव, पदम साहू, पुरुषोत्तम ध्रुव, याद देव दास, प्रमोद साहू, पूनम ध्रुरव, विष्णु सिन्हा, कमलेश साहू सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया।

हसदा में कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपिता बापू व पूर्व पीएम शास्त्री की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



ग्राम हसदा में कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर रघुपति राघव राजा राम का भजन करते हुए बस्ती में भ्रमण कर बाजार चौक में सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने गांधी जी का नमन कर उनके जीवनी तथा आदर्शों और त्याग तपस्या को याद करते हुए कहा कि गांधी जी एक आदमी नही विचार थे। सत्य अहिंसा और अटुट विश्वास से देश के दिल को जीता था इसीलिए गांधी जी को सत्य और अहिंसा के पुजारी कहते थे। गांधी जी का एक सपना था वे चाहते थे कि एक ऐसा भारत हो जहां हर इंसान सुरक्षित सम्मान और खुश हो। कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी 1947 में हिंदुओ के लाश पर पाकिस्तान बनाने वाले का नही बल्कि 1965 में पाकिस्तान को हराने वाले देश के प्रधानमंत्री कहलाते थे। शास्त्री जी देश में धर्म, जाति, संप्रदाय से ऊपर उठकर जय जवान जय किसान जय विज्ञान का नारा देकर देश भक्तो के साथ विकास पर विश्वास व्यक्त करते थे। ये देश के दो अनमोल रत्न थे। कार्यक्रम में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष चन्द्रहास साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, शशिप्रकाश साहू सरपंच, सविता-ताराचंद साहू जनपद सदस्य, कुंती-लखन साहू, जनपद सदस्य गोपेश धुव्र, भूपेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, देवदत्त सेन ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष, गोपाल साहू, गणपत साहू, मेनका साहू, लोकेश साहू, अजय साहू, भूपेश साहू, साहिल टंडन, कुलदीप सेन, धनराज साहू, खेमराम साहू, होरीलाल साहू, गंगू तारक, लोकनाथ मनहरे, रामसेवक बंजारे, शोभाराम बंजारे, देवनाथ विश्वकर्मा, पंचू साहू, साधुराम ध्रुव, उमेश नेताम, बंटी ध्रुव, अनूप ध्रुव, कुम्मु ध्रुव, ठाकुर विश्वकर्मा, दीपक साहू, टिकू साहू मौजद थे।

जयंती पर कांग्रेस ने महात्मा गांधी-शास्त्री का किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



- राजमहल छुरा में आयोजित कार्यक्रम में सत्य, अहिंसा, सेवा, सद्भावना और स्वराज्य के संदेश को किया याद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा के तत्वावधान में राजमहल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दोनों महान नेताओं के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। संचालन पार्टी के प्रशासनिक महामंत्री हरीश यादव ने किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वरी शाह ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, सेवा और सद्भावना के मार्ग पर चलते हुए देश को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने गांधीजी के विचारों को आज भी समाज के लिए प्रासंगिक बताया। मंडल अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर ने कहा कि महात्मा गांधी को रवींद्रनाथ टैगोर ने 'महात्मा' और सुभाष चंद्र बोस ने 'राष्ट्रपिता' कहकर सम्मानित किया। उन्होंने गांधीजी के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को याद करते हुए उनके आंदोलनों और विचारों का उल्लेख किया। ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष सलीम मेमन ने कहा कि अंग्रेजी शासन के विरुद्ध असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा, नमक कानून के विरोध और भारत छोड़ो आंदोलन जैसे आंदोलनों में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन आंदोलनों ने देशभर में स्वतंत्रता की भावना को मजबूत किया।

वहीं, वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन और देश के प्रति उनके योगदान को भी याद किया। शास्त्री जी का प्रसिद्ध नारा 'जय जवान, जय किसान' देश की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करता है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वरी शाह, महिला जिला अध्यक्ष मंजू ध्रुव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी, मंडल अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल समीम खान, भानु प्रताप वर्मा, महामंत्री हरीश यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष सलीम मेमन, डॉ. योगेंद्र चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पत्रकार अशोक दीक्षित, मंडल अध्यक्ष चेतन ठाकुर, पार्षद देव सिंह नेताम, शांतनु देवांगन, दीप्ति यादव, यामीन खान, ब्लॉक सचिव श्वेता चंद्राकर, थानू तारक, युवा जिला अध्यक्ष प्रत्याशी आकाश दीक्षित, युवा नेता मोनू दीक्षित सहित ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

तुहामेटा में कमार समाज के नवा जोहारिन कार्यक्रम में सामाजिक एकता पर जोर



मैनपुर। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर अंतर्गत ग्राम तुहामेटा में कमार जनजाति समाज द्वारा विशेष सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम नवा जोहारिन का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमार समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में एक जुट होकर अपने ईष्ट देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और संपूर्ण क्षेत्र में सुख, शांति तथा समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सामाजिक बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के प्रसार और आपसी एकता को मजबूत करने पर विशेष रूप से मंथन किया गया। समाज के प्रमुखों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी ने कहा कि बदलते दौर में समाज की प्रगति के लिए बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा के माध्यम से ही कुरीतियों को दूर कर समाज को मुख्यधारा से और मजबूती से जोड़ा जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक जीवनशैली को सहेजकर रखने का संकल्प लिया इसके साथ ही युवाओं को एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। पूजा-अर्चना और सामाजिक परिचर्चा के पश्चात पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान बनसिंग सोरी, देवीसिंह सोरी, बाजारूराम, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, बहारू राम, धन्नुराम, बिजउ राम, सुखराम, देवीसिंह, धनसाय, सुना राम, बिरोबाई, कुंदन सिंह, बेनुराम एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रों के ग्रामों से आए कमार समाज के महिला-पुरुष, बुजुर्ग और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

ठेलों और दुकानों पर खुलेआम बिक रहे तंबाकू वाले गुटखे, युवा तेजी से आ रहे गिरफ्त में

राजिम। पाउच पर बड़े-बड़े अक्षरों में चेतावनी-तंबाकू खाने से दर्दनाक मौत होती है। इसके बावजूद यही चेतावनी लिखे पाउच राजिम और आसपास की पान दुकानों व ठेलों पर धड़ल्ले से बिक रहे हैं। कीरकोकिल नाम से बिक रहे तंबाकू उत्पाद की बाजार में मौजूदगी को लेकर जनस्वास्थ्य पर सवाल उठ रहे हैं। पाउच खुद उपभोक्ता को उसके संभावित खतरे की चेतावनी दे रहा है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग इसे खरीदकर खा रहे हैं। दुकान, सड़क, दीवार, घर का दरवाजा-जहां मौका मिला, वहीं पीक थूकने की आदत ने शहर की सफाई व्यवस्था को भी प्रभावित किया है। एक तरफ स्वच्छता के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, दूसरी तरफ तंबाकू की पीक से सार्वजनिक स्थान लगातार गंदे किए जा रहे हैं। घरों में भी इस आदत को लेकर नाराजगी देखी जाती है। परिवार की महिलाएं और अन्य सदस्य सेवन छोड़ने की समझाइश देते हैं, लेकिन कई लोग चेतावनी और परिवार की चिंता को नजर अंदाज करते हुए तंबाकू का सेवन जारी रखते हैं।

काली और मां महामाया मंदिर में नवरात्र के लिए तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

क्वांर नवरात्र शहर के देवी मंदिरों में तैयारियां तेज हो गई हैं। कहीं मंदिरों में रंग-रोगन का काम चल रहा है तो कहीं आकर्षक लाइटिंग की जा रही है। मंदिर परिसरों की साफ-सफाई से लेकर सजावट और ज्योति कलश की तैयारियों तक समितियां और श्रद्धालु दिन-रात जुटे हुए हैं। नवापारा के मां काली मंदिर में इन दिनों रंग-रोगन और साज-सज्जा का काम तेजी से चल रहा है। मंदिर परिसर में की जा रही आकर्षक लाइटिंग और सजावट श्रद्धालुओं का ध्यान खींच रही है। मां महामाया मंदिर में भी नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिरों में शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्वलित कराने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है।

11 अक्टूबर को जलेंगे ज्योति कलश



श्री चंपेश्वर महादेव मंदिर में नवरात्र की तैयारियां जोरों पर

नवापारा-राजिम। चंपारण के प्रसिद्ध चंपेश्वर महादेव मंदिर में नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिर परिसर में रंग-रोगन, साफ-सफाई और सजावट का काम तेजी से किया जा रहा है। नवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और मंदिर परिसर में अभी से भक्ति का माहौल दिखाई देने लगा है। मंदिर कमेटी के नान्हू राम साहू ने बताया कि नवरात्रि के मद्देनजर मंदिर की आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर की साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन का कार्य भी लगातार जारी है। 11 अक्टूबर को शुभ अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11 बजकर 36 मिनट से दोपहर 12 बजकर 24 मिनट के बीच ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके लिए श्रद्धालुओं में जबर्दस्त उत्साह है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर गुरुवार को पंचमी पूजन का आयोजन होगा। इसके बाद 19 अक्टूबर सोमवार को महाष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन के साथ नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी। महाआरती में चंपारण सहित आसपास के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। नान्हू साहू ने बताया कि श्री चंपेश्वरनाथ महादेव मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित कराने के लिए श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ पहुंच रही है। दूर-दूर से लोग अपनी मनोकामना लेकर माता के दरबार में ज्योति प्रज्वलित कराने के लिए पहुंच रहे हैं।



जानकारी के अनुसार 11 अक्टूबर को शुभ मुहूर्त में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। 15 अक्टूबर को पंचमी और 19 अक्टूबर को महाअष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन होगा। नवापारा के शीतला मंदिर, मां दुर्गा दरबार, मां कर्मा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भी समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नवापारा मां काली मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि नवरात्रि पर्व को इस बार विशेष उत्साह और धूमधाम के साथ मनाने की तैयारी है। नवरात्रि केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं, बल्कि नगर के सामूहिक आस्था और धार्मिक परंपराओं का उत्सव भी है। नौ दिनों तक मंदिरों में सुबह-शाम घंटियों की गूंज, आरती की स्वर लहरियां और ज्योति कलश की रोशनी वातावरण को भक्तिमय बनाएगी।

अभियान : सेवा संकल्प अभियान के तहत पुराना मंच से लक्ष्मण झूला तक चला स्वच्छता अभियान

विधायक, नागरिक व अफसरों ने राजिम महानदी घाट में की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जिले में संचालित सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत शनिवार को राजिम के महानदी घाट में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे आयोजित अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने हाथों में झाड़ू थामकर पुराना मंच से लक्ष्मण झूला तक घाट एवं नदी तट क्षेत्र की साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू सहित सैकड़ों लोगों ने श्रमदान किया। स्वच्छता अभियान में नगर पालिका राजिम अध्यक्ष महेश यादव, एसडीएम विशाल महाराणा, अधीक्षण अभियंता जल संसाधन विभाग एस.के. बर्मन सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, स्वच्छता दीदियां, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। अभियान के दौरान सभी ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए घाट परिसर एवं नदी तट पर मौजूद कचरे और प्लास्टिक को एकत्र किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता कार्य में सहभागिता निभाई। बड़ी संख्या में नागरिकों के एक साथ सफाई अभियान में शामिल होने से पूरे क्षेत्र में स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिखाई दिया।

- विधायक रोहित नेतृत्व में महाभियान में शामिल हुए सैकड़ों नागरिकगण





जनभागीदारी से साकार हो रहा स्वच्छ राजिम-सुंदर राजिम का संकल्प

राजिम धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। महानदी घाट पर वर्षभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों का आवागमन होता है। ऐसे में घाट एवं नदी तट की स्वच्छता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से स्वच्छ राजिम, सुंदर राजिम की भावना के साथ आयोजित स्वच्छता अभियान में विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता निभाई। अभियान में यह संदेश दिया कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान हमारा हस्ताक्षर - स्वच्छ महानदी, सुंदर घाट, सेल्फी जोन बनाया गया था।

इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि 17 सितंबर से पूरे प्रदेश और देश में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न सेवा एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। राजिम के त्रिवेणी संगम में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जिला अधिकारी-कर्मचारी, जल संसाधन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी - कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्वच्छता दीदियां और विभिन्न वर्गों के नागरिक सहभागी बने। स्वच्छता सेवा मेरा योगदान की भावना के साथ प्रत्येक व्यक्ति को अपने वार्ड, नगर, क्षेत्र, प्रदेश और देश को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने लोगों से सेवा, समर्पण और सदभाव की भावना के साथ स्वच्छता अभियान में निरंतर सहभागिता निभाने का आग्रह किया। नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सभी की भागीदारी जरूरी है। अभियान का उद्देश्य राजिम महानदी घाट एवं नदी तट क्षेत्र को प्लास्टिक और कचरा मुक्त बनाना तथा श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों के लिए स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित वातावरण तैयार करना रहा। सफाई के दौरान घाट के विभिन्न हिस्सों से कचरा एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित इस पहल के माध्यम से नागरिकों को धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही महानदी एवं उसके आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ रखने की सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में करियर को लेकर दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुडा में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन के लिए हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी नया रायपुर की पाँच सदस्यीय प्रतिनिधि टीम द्वारा विशेष संवाद, मार्गदर्शन सत्र एवं मूल्यांकन परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस टीम का नेतृत्व दीपक कुमार मीणा ने किया, जिसमें निधि मालवीय, नेहा कुमारी, निधि कोसरे एवं नंदिनी यादव स्कॉलर व सदस्य) शामिल थीं। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं तथा 11वीं व 12वीं (कला संकाय) के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- विधि क्षेत्र में करियर की संभावनाएं विषय पर परीक्षा भी आयोजित

करियर की विविध संभावनाएं- टीम ने विद्यार्थियों को क्लेट परीक्षा के स्वरूप और इसके माध्यम से देश के शीर्ष नेशनल लॉ विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। सत्र के दौरान विधि क्षेत्र के प्रमुख करियर विकल्पों पर प्रकाश डाला गया। लीगल फर्मों और मल्टीनेशनल कंपनियों में लीगल एडवाइजर के अवसर, न्यायिक सेवाएं में जाने परीक्षा उत्तीर्ण कर न्यायाधीश बनने का मार्ग। न्यायालयों में स्वतंत्र वकालत और जनहित याचिकाके जरिए समाज सेवा आदि शामिल।

मूल्यांकन परीक्षा और आभार- मार्गदर्शन सत्र के उपरांत विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, सामान्य जागरूकता और कानूनी अभिरुचि के आकलन के लिए एक मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सत्र ग्रामीण व आवासीय क्षेत्र के बच्चों को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया।

पारागांव में चला नशामुक्ति एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम पारागांव दिन शुक्रवार गांधीजी की 157 वीं जयंती व सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेठ फूलचंदअग्रवाल स्मृति महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को नशामुक्ति एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में नशामुक्ति एवं स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में ग्राम सरपंच सुरेश सोनकर, उपसरपंच सुनीता सिंह, सचिव अनुराग सिंह, जिला संगठक रायपुर ग्रामीण डॉ. आर. के. रजक, प्रो. एस. आर. बडडे, कार्यक्रम अधिकारी शासकीय महाविद्यालय नवापारा, डॉ. श्यामा साडिल, भोजराज निषाद सहित सभी पंचगण एवं 82 स्वयंसेवक शामिल हुए। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने शीशी बोतल तोड़ दो, दारू पीना छोड़ दो, बच्चे, पत्नी, बिकते जेवर, छोड़ शराबी ऐसे तेवर, दारू पीने की क्या शान, गली-गली में होते बदनाम तथा स्वच्छता ही सेवा है जैसे नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे से दूर रहने और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया।

जिला संगठक डॉ. आर. के. रजक के मार्गदर्शन में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ स्वयंसेवकों ने गांव की विभिन्न गलियों में जाकर आम नागरिकों को



नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया। पारागांव के गांधी चौक में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए लक्ष्मीनारायण बांसवार ने देश के सम्मान में, कूद पड़े मैदान में का नारा देते हुए समाज से नशे जैसी बुराई को जड़ से समाप्त करने के लिए नशामुक्ति अभियान को आवश्यक बताया। अविनाश शर्मा ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए किए जाने वाले प्रत्येक सकारात्मक कार्य में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में कौशल, वासुदेव, दीपेश एवं जगमोहन, अशविन की टीम ने नशामुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। वहीं हिना, हेमा, प्राची, नीलम, हेमलता, सुमन एवं सावित्री ने सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालन ठाकुर राम साहू एवं दीपेश सेन ने आभार व्यक्त किया।

महात्मा गांधी जयंती पर माता कर्राबाघिन धार्मिक स्थल में चला स्वच्छता अभियान





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एंव लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दोनों की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया गया। वरिष्ठों का सम्मान किया गया।

ग्राम पंचायत बोड़की के सरपंच एवं पंचगणों ने धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र माता कर्राबाघिन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। पंचायत प्रतिनिधियों ने स्वयं श्रमदान करते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गये गंदगी कचरे की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान परिसर में फैले कचरे, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्र कर व्यवस्थित रूप से हटाया गया। वहीं मंदिर परिसर के आसपास की झाड़ियों एवं गंदगी की सफाई कर धार्मिक स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास किया गया। सरपंच ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से माता कर्राबाघिन जैसे धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाने तथा स्वच्छता बनाए रखने में पंचायत का सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में सरपंच नेतराम सिन्हा, उपसरपंच लेख राम साहू,सचिव गोवर्धन सेन, पंचगण भोजराम साहू, भूषण साहू, , मिथिलेश ध्रुव, गोपी ध्रुव एवं लेखन ध्रुव,बरसन पटेल, होली लाल साहू, इत्यादि की सराहनी सहयोग रहा है।

- बोड़की पंचायत प्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

शब्दों में दिखा देश का सपना, रंगों में उभरा विकसित भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेवा संकल्प अभियान में विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता



विद्यार्थियों में सेवा-भावना, सामाजिक उत्तरदायित्व, रचनात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण की समझ विकसित करने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 76वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आयोजित किया गया।

भाषण प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'मेरे सपनों का भारत' था। इसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, सेना का शौर्य, नया कश्मीर, नक्सल मुक्त भारत, विकसित छत्तीसगढ़, शिक्षा, तकनीकी विकास और नवाचार जैसे विषयों पर आत्मविश्वास और मौलिक चिंतन के साथ विचार रखे। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रंगों और रेखाओं के जरिए अपने सपनों के भारत की परिकल्पना को कागज पर उकेरा। उनकी कलाकृतियों में हरित पर्यावरण, आधुनिक शिक्षा, तकनीकी प्रगति और आत्मनिर्भर भारत की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

विजेता प्रतिभागी- प्रतियोगिता के परिणामों में चित्रकला में चंद्रप्रभा हायर सेकेंडरी स्कूल पांडुका प्रथम तथा निहारिका (अतरमरा) द्वितीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में दिव्यांशी दीप (हायर सेकेंडरी स्कूल पांडुका) ने प्रथम तथा भूमिका देवांगन (हाई स्कूल सेम्हरा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी- कार्यक्रम में जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति लेखराज धुर्वा, नगर पंचायतअध्यक्ष श्रीमती लोकेश्वरी थानसिंग निषाद, जनपद सदस्य व विधायक प्रतिनिधि पंकज निर्मलकर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिरकत कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम के संचालन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मतावले, एबीईओ श्री सिन्हा, बीआरसीसी श्री सिन्हा, प्राचार्य श्री खान, संकुल समन्वयक संतराम कंवर संचालक तथा समस्त शिक्षकों व अधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

